पत्र संख्या स्था–1– कार्यालय आदेश /विविध पत्रावली/2020–21/ 2784 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 05 सितम्बर, 2020

–:कार्यालय आदेश:–

मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित विभागीय वादो की सम्यक पैरवी अत्यन्त आवश्यक है। इसी प्रकार सेवा से सम्बन्धित मा0 न्यायाधिकरण के समक्ष लम्बित प्रकरण भी महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में मा0 न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों के अनुश्रवण में समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि प्रक्रिया से सम्बन्धित मुख्यालय स्थित वाद अनुभाग, सेवावाद अनुभाग, राजपत्रित अनुभाग, अराजपत्रित अनुभाग, सचल दल अनुभाग, वि0अनु0शा0 तथा एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2, उच्च न्यायालय कार्य लखनऊ की प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को बैठक अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में वाणिज्य कर मुख्यालय स्थित प्रथम तल सभागार में प्रातः 11:00 बजे से की जायेगी।

उक्त बैठक में मुख्यालय के अनुभागों अथवा उच्च न्यायालय कार्य के अधिकारियों द्वारा तात्कालिक महत्व के विषयों को संज्ञान में लाकर उन पर त्वरित कार्यवाही करायी जायेगी। मुख्यालय के जिस अनुभाग से न्यायिक प्रकरण सम्बन्धित होगा, उक्त अनुभाग द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया जायेगा। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2, (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर लखनऊ द्वारा उक्त बैठक से पूर्व एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर प्रयागराज तथा ज्वाइन्ट कमिश्नर (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर गाजियाबाद से सम्पर्क कर उनसे सम्बन्धित महत्वपूर्ण मामलों की जानकारी लेकर उनके निस्तारण हेतु अनुभाग अधिकारी से सामंजस्य कर बैठक में प्रस्तुत किये जायेगें। उक्त बैठक हेतु वाद अनुभाग नोडल अनुभाग होगा।

ह0/–
(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनाक उक्त।

प्रतिलिपि कृपया निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं बैठक में प्रतिभाग हेतु प्रेषित:–

1–एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
2–एडीशनल कमिश्नर, (प्रशासन) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश ।
3–एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, प्रयागराज।
4–एडीशनल कमिश्नर, ग्रेड–2, (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, लखनऊ।
5–ज्वाइन्ट कमिश्नर (वाद) वाणिज्य कर मुख्यालय (नोडल अधिकारी)।
6–ज्वाइन्ट कमिश्नर (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर गाजियाबाद।
7–समस्त अनुभाग अधिकारी वाणिज्य कर, मुख्यालय।
8–डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
9–कम्प्यूटर आपॅरेटर (स्थापना राजपत्रित) अनुभाग को ई0आई0एस0 पर अपलोड करने हेतु।

09-09-2020
(डी0के0 सचान)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना राजपत्रित)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।